तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 प्राचीन दुर्गा मंदिर में नवरात्रि की धूम...



12 बारिश के बावजूद फूलरथ की हुई तीसरी परिक्रमा



**सावधानी :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने एनसीआरपी पोर्टल से जुड़ने का किया आव्हान

# सायबर अपराध में वृद्धि है खतरनाक पुलिस का जागरूकता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सायबर अपराध के बढ़ रहे आंकड़े को देखते हुए पुलिस विभाग ने आंकड़ो में

- कालेज व स्कूली के अलावा हाट बाजारों में लोगों को किया जा रहा जागरूक
- ऑनलाइन फ्राड से बचने झांसे में न आएं, एटीएम का सुरक्षित उपयोग करें
- सायबर अपराधी फोन कॉल या लिंक के जरिए फर्जी जानकारी देकर फंसाते हैं, रहें सावधान

कमी लाने के लिए एक सप्ताह का जागरूकता अभियान छेड़ रखा है। पुलिस के अधिकारी स्कूलों व कॉलेजो में पहुँचकर छात्रों को जागरूक कर रहे है, वहीं मैदानी टीम हाट बाजारों पर पहुँचकर आमजनता को जागरूक करते हुए सायबर अपराध और उसने बचने के उपाय बता रही है। राज्यव्यापी सायबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के तीसरे दिन शासकीय गेंदसिंह महाविद्यालय पंखाजुर में 7 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में एएसपी प्रशांत शुक्ला ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सायबर जागरूकता जानकारी देते हुए बताया कि आज के दौर में जैसे शारीरिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है, वैसे ही डिजिटल स्वास्थ्य भी जरूरी है। हमारे रोजमर्रा के जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाले गैजेट्स और तकनीकों का दुरुपयोग कर सायबर अपराधी नई-नई चालों से ठगी कर रहे हैं। सायबर अपराधी फोन कॉल या लिंक के जरिए फर्जी जानकारी देकर लोगों को फंसाते हैं। उपस्थित छात्र-छात्रों व कर्मचारियों को फिशिंग, क्रिप्टो करेंसी, शेयर मार्केट फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन, और डिजिटल अरेस्ट जैसे सायबर अपराधों से बचने के लिए सुझाव दिए। अनजान लिंक और फर्जी कॉल से बचने की सलाह दी और लालच में आकर अनजान कंपनियों ▶▶| शेष पेज 10 पर







### आनलाइन प्रश्नोत्तरी में शामिल होने किया प्रोत्साहित

जिला मुख्यालय के सायबर सेल एवं थाना दुर्गुकोंदल के ग्राम कोण्डे, गोंडाहूर के ग्राम हॉकेर, मायापुर व जाड़ेकुर्से के साप्ताहिक बाजार व नरहरपुर के बैंक व तहसील कार्यालय के ग्रामीणों को पुलिस द्वारा सायबर सुरक्षा की जानकारी प्रदाय करते हुए साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता संबंधी आनलाइन प्रश्नोत्तरी लिंक भी लोगों को देकर क्विज में सम्मिलित होने प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### बच्चों को मोबाइल एडिक्शन से बचाना होगा

आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया एप्स साइट का उचित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप व फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैक मेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑनलाईन फ्राड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव के लिए महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। बच्चों को मोबाइल एडिक्शन (लत) ऑनलाईन गेम, सोशल एप्स का अत्यधिक उपयोग करने से जो साइकोलॉजिकल तौर पर दुष्प्रभाव होते हैं, जिनके कारण बच्चों की जान तक चली जाती है, ऐसे मोबाइल मोह से दूर रहने सायबर टीम ने आव्हान किया है।

### एनसीआरपी पोर्टल से जरूर जुड़े

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने कहा कि सायबर जगरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से कोई भी आम नागरिक सायबर वालंटियर्स बनकर साइबर क्राइम के प्रति लोगो को जागरूक करने एवं अपराधियों को पकड़ने तथा अपराध को नियंत्रण करने में अहम भूमिका निभा सकता हैं। ऑनलाईन सायबर फ्रॉड होने पर पर नेशनल साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 व रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट **https ://www.cyber crime.gov.in/** पर सेल्फ कंप्लेंट्स दर्ज करने व जानकारी से अपडेट रहने फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स साइट पर कांकेर पुलिस को फालो करने संबंध में जानकारी दी। रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट पर स्वयं से शिकायत दर्ज कर सकते है।

## खबर संक्षेप



### स्काउट गाइड व रोवर रेंजर हुए सम्मानित

**कांकेर।** लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2024 में जिले भर के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करने एवं आदर्श मतदान के साथ-साथ समस्त मतदान केदो में मतदाता मित्र के रूप में कार्य करने वाले स्काउट गाइड्स रोवर रेंजर्स एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एसडीएम अशोक मार्बल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ के हेमंत संभागीय अध्यक्ष बने



**चारामा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आईटी प्रकोष्ठ के शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ द्वारा हेमन्त साहू को बस्तर संभाग अध्यक्ष एवं धर्मेंद्र साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शपथ ग्रहण समारोह में कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ का गठन किया गिया है। समाज द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से समाज के हर व्यक्ति तक, गांव गांव तक पहुंचाने का कार्य आईटी प्रकोष्ठ के लोगों द्वारा किया जाएगा। मुझे विश्वास है कि आप सभी आईटी प्रकोष्ठ के नव नियुक्त पदाधिकारी समाज के दिशा निर्देशानुसार अपने दिए गए दायित्व को निस्वार्थ भाव से पूरा करेंगे।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत देवपुर निवासी 28 वर्षीय प्रमिला विश्वास ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुजीत विश्वास ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अज्ञात कारणो के चलते 6 अक्टूबर को सुबह 9 बजें पखांजुर के आश्रम परिसर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### एनसीसी के लिए सौंपा एनएसयूआई ने ज्ञापन





**चारामा।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा में एनसीसी इकाई खोलने की मांग को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विद्यालय के प्राचार्य चंद्रशेखर यादव को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि विद्यालय में शीघ्रातिशीघ्र एनसीसी इकाई स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। एनसीसी इकाई खोलने की मांग को लेकर प्राचार्य ने बताया कि एनसीसी इकाई स्थापित करने के लिए प्रस्ताव आठवीं छत्तीसगढ़ स्वतंत्र कंपनी, एनसीसी कांकेर को भेज दिया गया है। हालांकि चूंकि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 का आधा समय बीत चुका है, इसलिए इस सत्र में एनसीसी इकाई की स्थापना संभव नहीं है। आगामी सत्र 2025-26 में विद्यालय में एनसीसी इकाई की शुरुआत की जाएगी। इस कदम से विद्यालय के छात्रों को एनसीसी के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व और देश सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे।

## चिन्हांकित 39 हृदय रोग पीड़ित बच्चों की हुई ईको कार्डियोग्राफी



**कांकेर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध

- स्वास्थ्य शिविर में 156 बच्चों का किया पंजीयन

जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर किंजल बक्शी द्वारा बच्चों की जांच एवं ईको कार्डियोग्राफी की गई और परिजनों को सलाह दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि चिरायु टीम द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी का भ्रमण कर बीमारियों की पहचान कर असामान्य स्थिति वाले बच्चों का उपचार किया जाता है, जिन बच्चों को गंभीर बीमारियां रहती हैं, उन्हें आवश्यकतानुसार उच्च स्तरीय उपचार रायपुर एवं अन्य जगह आयुष्मान से अनुबंधित अस्पतालों द्वारा किया जाता है। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में जांच के लिए 156 बच्चों का पंजीयन ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पैसे नहीं देने पर पत्नी की पिटाई की, शराबी पति पर मामला दर्ज

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 89 में शराबी पति ने पत्नी के साथ पैसे की बात को लेकर मारपीट किया। आरोपी ने अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा, पत्नी ने पैसा देने से इंकार कर दिया। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर पति ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 89 विवेकनगर निवासी 30 वर्षीय बीना हलदार पति अमरिश हलदार ने पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर को शाम साढ़े 7 बजें मजदूरी करके अपने घर आई। घर आते ही मेरा पति अमरिश हलदार पिता अमल हलदार शराब पीने के लिए पैसा मांगा। मै बोली की तुम दिनभर शराब पीते हो काम नहीं करते हो, मेरे पास पैसा नहीं है, ऐसा बोलने पर आरोपी पति आवेश में आ गया और गाली देने लगा। गाली देने का विरोध करने पर पति मेरे साथ मारपीट करने लगा और मारपीट किए जाने से मेरे बांए आंख के पास चोट आई है। मेरे पति ने मुझे जान से मारने की धमकी दिया है। पति के द्वारा किए जा रहे मारपीट को देखकर पड़ोसियों ने बीच बचाव किया है। पड़ोसियों के द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता तो हमारे साथ बड़ी अनहोनी हो सकती थी। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामल दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## सूने घर में धावा, जेवरात समेत 45 हजार नकद पार, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कन्हारगांव के सूने मकान में अज्ञात चोर ने धावा बालते हुए नगद व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोर ने घर का ताला तोड़कर जेवरात समेत 45 हजार की चोरी किया। चोर ने जब घटना को अंजाम दिया, तब घर के लोग रायपुर में आंख का ईलाज कराने के लिए गए हुए थे।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंची राईस मिलपारा कन्हारगांव निवासी 63 वर्षीय अनुसुईया ध्रुव पति स्व. जीवन लाल ध्रुव ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर को शाम 5 बजें अपने आंख का आपरेशन कराने के लिए रायपुर गई थी।

इस दौरान घर में ताला लगाकर चाबी अपने साथ ले गई एवं दूसरा ताला बाहर गेट में लगा कर बाहर का चाबी काम वाली मीना बाई यादव को देकर गई थी। काम करने वाली बाई 5 अक्टूबर काम करने आई तो अंदर गेट का ताला टूटा हुआ था। उसने मुझे फोन करके घटना की जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही 5 अक्टूबर को दोपहर साढ़े 12 बजें कन्हारगांव अपने घर पहुंची तो देखी कि मेरे घर का सभी सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। घर से सोना का चैन एवं सोना का एक जोड़ी बाली कीमत लगभग 15 हजार रूपएं, आलमारी में रखे नगद 30 हजार रूपएं कुल जुमला 45 हजार रूपएं को कोई अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के चोर के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।





## औरा बिटकाइन व क्रिप्टो करेंसी के नाम पर धोखाधड़ी, तीन आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

औरा बिटकाइन व क्रिप्टो करेंसी के नाम पर धोखाधड़ी मामले में कांकेर

- धोखाधड़ी का मास्टर माइंड फरार, पुलिस तलाश में जुटी
- 32 .26 लाख ऑनलाइन व 31.80 लाख नकद का लगाया चूना

पुलिस को तीन आरोपियों को दबोचने में सफलता मिली है, वहीं मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। पकड़ाए तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल की सलाखों में भेजा गया।

कांकेर थाना में 30 सितंबर को एकता नगर कॉलोनी कांकेर निवासी 47 वर्षीय विजय कुमार मीनपाल ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराया था कि धमतरी निवासी निर्मल सार्वा व उसके साथी पुणे निवासी मेहताब आलम के द्वारा 32 लाख 26 हजार 289 रूपएं ऑनलाईन व 31 लाख 80 हजार रूपएं नगद औरा बिटकाइन क्रिप्टो करेंसी के नाम पर धोखाधड़ी किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला, एएसपी मनीषा रावटे एवं एसडीओपी मोहसीन खान के मागदर्शन में निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने धमतरी से आरोपी निर्मल सार्वा को 4 अक्टूबर को गिरफतार कर पुलिस रिमाण्ड लेकर मेमोरेण्डम कथन के आधार पर बैंक स्टेटमेंट जप्त किया गया, जिसमें 1 करोड़ 1 लाख 51 हजार रूपएं ऑनलाईन ट्रांजक्शन बिट क्वाईन के नाम से होना पाया गया। प्रकरण से संबंधित अन्य आरोपी राजू गुप्ता को 5 अक्टूबर को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड लिया गया। प्रकरण में अन्य आरोपी धमतरी निवासी भूपेश चौधरी का पतासाजी कर 6 अक्टूबर गिरफ्तार किया, जिसके बैंक खाता का स्टेटमेंट में औरा बिट क्वाईन के नाम से 20 लाख 52 हजार रूपएं का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। आरोपी भूपेश चौधरी से घटना में प्रयुक्त एक कार वाहन क्रमांक सीजी 05 एएम 7290 को जप्त किया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण के फरार आरोपी मेहताब आलम का पता तलाश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियो के बैंक खाता को सीज करने की कार्यवाही किया जा रहा है। आरोपियों से ठगी किए गए रकम कि रिकवरी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।



## कई ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 45 लाख मंजूर

**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना 2024-25 के प्रथम अनुपूरक अनुदान राशि विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क भमण के दौरान विधायक सावित्री मंडावी के द्वारा ग्रामीणों के मांग पर घोषणा की गई थी, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड दुर्गुकोंदल, भानुप्रतापपुर व चारामा के विभिन्न ग्रामों में 58 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें रंगमंच, सामुदायिक भवन, चबूतरा निर्माण एवं अन्य कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। विकासखंड दुर्गुकोंदल के पेडावारी सामुदायिक भवन, सामुदायिक भवन बरपारा, हाटकोंदल सामुदायिक भवन पटेल समाज शामिल है।

## धनेलीकन्हार में आज से मानस गान प्रतियोगिता

**धनेलीकन्हार।** त्रिदिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गा उत्सव समिति व ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वाधान आज 8 अक्टूबर से आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश की 30 मानस मंडलीय भाग लेंगी व प्रतिदिन 10 मंडलीय अपनी प्रस्तुति देंगी। आयोजित प्रतियोगिता में मंडलियों में हंस वाहिनी बालिका मानस परिवार रामनगर भिलाई , अंजनी नंदन मानस परिवार धमनी राजिम, श्रध्दा महिला मानस मंडली कंचना भखारा, नवज्योति महिला मानस मंडली अकलवारा गुरुर, गुरु कृपा बाल संस्कार मानस मंडली बेलमांड बालोद, शिव कृपा मानस परिवार जीवतरा महासमुंद, गुरु कृपा मानस परिवार पासंगी कोण्डागांव प्रमुख हैं। प्रतियोगिता के विजेता मानस मंडलीयो के लिए जिसमें पुरुष वर्ग व महिला वर्ग के लिए प्रथम से लेकर पंचम स्थान तक पुरुस्कार रखें गए है। नवरात्र ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जय रानी माई रामधुनी ने कुर्रुभांट ने दी प्रस्तुति



**सरोना ।** बुढ़ेश्वर महादेव नव दुर्गोत्सव समिति मुड़पारदखनी में रात्रिकालीन कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार रात्रि में जय रानी मांई रामधुनी झांकी कुर्रुभांट चारामा ने शानदार प्रस्तुति दिया। झांकी में महाभारत की कथा पर आधारित अर्जुन पुत्र बबरूबहन की झांकी दिखाई गई। महाभारत युद्ध के बाद पांडवों ने अश्वमेध यज्ञ कर अश्व छोड़ा ,उस अश्व को अर्जुन का पुत्र बबरूबहन ने रोक रखा, पांडवों के साथ भंयकर युद्ध हुआ। श्री कृष्ण ने युद्ध के मध्य आकर अर्जुन और बबरूबहन का परिवारिक रिश्तों का परिचय कराया एवं युद्ध को रूकवाया। इस झांकी को सावन साहु एवं सहयोगियों के द्वारा आयोजन किया गया।

**पूजा समिति कोमलदेव क्लब आज करेगा प्रतिमा की स्थापना**

## आयुष्मान व मंगलकारी संयोगों के साथ आज मां दुर्गा की पंचमी पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शहर के दुर्गा पंडाल व माता मंदिरों में भक्तों का ताता लगा हुआ है जहां सुबह से देर रात तक भक्तों की लंबी कतार माता रानी के दर्शनमात्र के लिए दिखती है। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शहर में कोमलदेव क्लब में बंगाली दुर्गा की प्रतिमा विरजमान होती है, जिसकी पूजा अर्चना पंचमी से ही शुरु कर दी जाती है, लेकिन इस बार चतुर्थों तिथि दो दिनों तक होने के कारण पंचमी आज मंगलवार को मनाई जाएगी।

- दुर्गा पूजा का बंगाली विधान पंचमी से

शहर का सबसे मध्य कोमलदेव क्लब में दुर्गा पंडाल तैयार किया जा रहा है, जहाँ पंचमी के दिन माँ दुर्गा विराजमान होगी। इस वर्ष पंचमी, अष्टमी व नवमी तिथि को लेकर चिंता बनी हुई है। देवी मंदिरों से लेकर पंडालों में पूजा अर्चन करने के समय में परिवर्तन है। देवी मंदिरों में मंगलवार 8 अक्टूबर को पंचमी का पर्व मनाया जाना है, जहां सुबह से ही माता मंदिर के प्रांगण में भक्तों की भीड़ देखने को मिलेगी। नवरात्र के पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा की जाती है। साथ ही मां स्कंदमाता के निमित्त पांचवें दिन का व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि स्कंदमाता की पूजा करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। ज्योतिषियों की मानें तो नवरात्र के पांचवें दिन आयुष्मान योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं।



### सिंदूर खेला के बाद प्रतिमा विसर्जन

पूजा समिति कोमलदेव क्लब कांकेर के अध्यक्ष दीपक मुखर्जी ने बताया कि मंगलवार 8 अक्टूबर को पंचमी को सायं सवा 5 बजे संध्या बोधन व बेलतला पूजा होगी। बुधवार 9 अक्टूबर को महाष्ठाधि कल्पारंभ एवं षष्ठी पूजा सुबह साढ़े 6 बजे से साढ़े 7 बजे तक और पुष्पांजलि संध्याकाल आमंत्रण व अधिवास रात 8 बजे होगा। 10 अक्टूबर को सप्तमी व 11 अक्टूबर को अष्टमी व नवमी दोनों होगी। बंगाली पंचांग के अनुसार, शुक्रवार 11 अक्टूबर को सुबह 5 बजकर 35 मिनट से 7 बजकर 12 मिनट तक अष्टमी रहेगी, जिसके पश्चात शुक्रवार सुबह 8 बजे से नवमीं का शुभारंभ हो जाएगा। शुक्रवार को महाअष्टमी का विशेष पूजा सुबह 4 बजे, पुष्पांजलि पौने 6 बजे होगी। महानवमी पूजा प्रारंभ पश्चात पुष्पांजलि व भोग निवेदन सुबह साढ़े 11 बजे से, हवन सायं 4 बजेसे, संध्या आरती 7 बजे होगी। शनिवार 12 अक्टूबर को महादशमी पूजा सुबह 9 बजे से शुरू होगी और उसके उपरांत पुष्पांजलि व घट विसर्जन, अपराजिता पूजा बंध एवं सिंदुर उत्सव दोपहर 2 बजे से होगा, उसके बाद माता की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

